मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-89
29/02/2024

# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 29 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज गृह विभाग एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गृह विभाग अंतर्गत नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक, सहायक अभियोजन पदाधिकारी एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत नवनियुक्त अंकेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में गृह विभाग अंतर्गत 523 नवनियुक्त सहायक अभियोजन पदाधिकारी एवं 20 पुलिस उपाधीक्षक तथा सहकारिता विभाग अंतर्गत 231 नवनियुक्त अंकेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 14 नवनियुक्त अधिकारियों– श्री खालिद हयात, सुश्री शिवानी श्रेष्ठा, सुश्री सांवली सांकृत्यायन, श्रीमती मनाली तिवारी, सुश्री नंदिनी कुमारी, श्री निशांत कुमार, श्री ऋषभ आनंद, सुश्री पूजा शर्मा, सुश्री इशानी सिन्हा, श्री निशु कुमार, श्री राजन कुमार, सुश्री खुशबू, श्री अंशु आनंद एवं श्री दीपक कुमार पासवान को नियुक्त पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव–सह–मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, गृह विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******